# फर्जी दस्तावेज से विधवा महिलाओं की भूमि हड़पी, आठ गिरफ्तार

**मांडलगढ़,** (निसं)। भीलवाड़ा के मांडलगढ उपखंड क्षेत्र मालका खेडा में तीन वृद्ध दलित महिलाओं की खेती की जमीन फर्जी दस्तावेज से रजिस्ट्री करवाकर अपने नाम कराने के मामले में काछोला थाना पुलिस ने 3 महिलाओं सहित 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



काछोला थाना पुलिस ने कृषि भूमि की फर्जी रजिस्ट्रियों के आरोप में 8 जनों को गिरफ्तार किया।

■ भूमाफिया गिरोह के साथ मालका खेड़ा पटवारी, एक वकील की संदिग्ध भूमिका सामने आई

मांडलगढ़ के मालका खेड़ा पंचायत के भटखेडी गांव की रहने वाली एक ही परिवार की तीन पीड़ित महिलाएं हैं। जिसमे 80 साल की विधवा बरजी देवी पत्नी भूराभील, राजी देवी पत्नी कल्याण भील 75 साल और पानी देवी पत्नी देबीलाल भील उम्र 36 साल की हैं। इन तीनों महिलाओं के खेती की जमीन में बरजी देवी की आराजी नम्बर 3-4-5-6/2 रकबा 2.6385 हेक्टेयर, राजिदेवी की आराजी नम्बर 236/164 रकबा 0.8094 हेक्टेयर व पानी देवी की आराजी नम्बर 235/164 0.8094 हेक्टेयर की लाखों की कीमत की भूमि को भूमाफिया गिरोह ने तथाकथित महिलाओं की आड में फर्जी दस्तावेज तैयार कर तहसील कार्यालय काछोला से फर्जी रजिस्ट्री करा अपने नाम करा ली और पटवारी बाबूलाल मीणा ने तत्काल नामांतरण भी राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कर लिया। पुलिस के मुताबिक इस पूरे खेल में भूमाफिया गिरोह के साथ मालका खेड़ा के पटवारी बाबूलाल मीणा, एक वकील परमेश्वर धाकड की संदिग्ध भूमिका सामने आई हैं।

इस मामले में पीड़ित महिलाओं ने भूमि खरीददार जसवीर पिता किशोर मीणा निवासी श्रीनगर तहसील बूंदी, हरनाथ पिता सुरजा मीणा निवासी लक्ष्मीपुरा तहसील मांडलगढ तथा भूमि विक्रय करने वाली कथित महिलाओं में बरजी देवी भील, राजी देवी भील, पानी देवी भील व रजिस्ट्री में गवाह बने आधा दर्जन भूमाफिया गिरोह के सदस्यों के खिलाफ काछोला थाने में 20 जून को मामला दर्ज हुआ था। इस मामले की शुरुआती जांच में सामने आया कि भूमाफिया गिरोह ने इन पीडित महिलाओं के समानांतर नाम और जाति की महिलाओं को लालच देकर उनके जनआधार कार्ड लिए गए और जन आधार कार्ड में पीडित महिलाओं के पति के नाम और गाँव को एडिटिंग करा तहसील कार्यालय ले जाया गया जहां तहसीलदार, वकील व तहसील बाबू ने कोई ठोस जांच किए बिना रजिस्ट्री कर दी। उधर गिरोह ने पटवारी से सांठगांठ कर फर्जी दस्तावेज से रजिस्ट्री करा खेती की भूमि का नामान्तरण भी अपने नाम दर्ज करा लिया गया। फर्जी रजिस्ट्रियों में लगे दस्तावेजों की पडताल में कई जगह तारीख लिखी नहीं मिली तो कई दस्तावेज पर अंगूठा निशान भिन्न पाई गई ओर तथाकथित महिलाओं की उम्र में भी गडबडियां मिली हैं।

काछोला थानाधिकारी दिलीप सिंह ने बताया कि भीलवाडा पुलिस अधीक्षक आदर्श सिद्धू के आदेश अनुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्री, मांडलगढ पुलिस उप अधीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह के सुपरविजन में फर्जी रजिस्ट्री प्रकरण मामले को गंभीरता से लेते हुए मामले का खुलासा किया है। इस समूचे प्रकरण में पटवारी बाबूलाल मीणा द्वारा आरोपी हरनाथ मीणा के साथ मिलकर जमीन को हडपने का षड्यंत्र रचा गया।

महिलाओं की रजिस्ट्री में फर्जी महिलाओं को लाने का कार्य रणजीत बंजारा ने किया था तथा फर्जी रजिस्ट्री के लिए गवाहों को हरनाथ नाथ मीणा लेकर आया था। तीनों रजिस्ट्री में व्यय हुई सम्पूर्ण राशि पटवारी बाबूलाल मीणा ने चुकाई हैं और रजिस्ट्री के दौरान पटवारी बाबूलाल मीणा काछोला तहसील में उपस्थित रहा। प्रकरण में रंजीत बंजारा की तलाश जारी है। मामले का खुलासा करने वाली टीम में थाना प्रभारी दिलीप सिंह, हेड कांस्टेबल रामेश्वर लाल, मोहनलाल, कांस्टेबल गोपेश कुमार, भंवर लाल, पवन कुमार, हकीम सिंह व ममता शामिल थे।

## ट्रैक्टर चालक की मौत

**करौली,** (नि.सं.)। करौली से गुडला गांव की तरफ ट्रैक्टर ट्रॉली में लोहे के सरिया भरकर ले जाने के दौरान ट्रॉली पलटने से चालक की मौके पर ही मृत्यू हो गई। करौली सामान्य चिकित्सालय स्थित पुलिस चौकी प्रभारी महेश शर्मा ने बताया कि करण सिंह पुत्र प्रेम सिंह माली निवासी गूलर घटा ट्रैक्टर ट्रॉली में लोहे के सरिया भरकर यहां के पांचना के पास जा रहा था। जाते समय ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें नीचे दबकर ट्रैक्टर चालक करण सिंह की घटनास्थल पर मृत्यु हो गई जिसको सामान्य चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर पोस्टमार्टम किया और शव परिजन को सुपुर्द कराया। चौकी प्रभारी ने बताया कि परिजन ने इस मामले में कोई मामला दर्ज नहीं कराया है। उधर ट्रैक्टर चालक की मृत्यु होने की सूचना पर परिवार जन सामान्य चिकित्सालय पहुंचे जहां परिवार में कोहराम मच गया।

## नकदी हड़पी

**उदयपुर,** (कासं)। भूखण्ड बेचने का झांसा देकर पीड़ित से नकदी हड़पने वाले पिता पुत्र व अन्य के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित जयश्री कॉलोनी धूलकोट चौराहा हॉल जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय कोटा में तैनात पुलिस निरीक्षक हेमाराम पुत्र दाताराम बामनिया ने आरोपी बाबूलाल मोटावत, रोहित पुत्र बाबुलाल मोटावत, सौरभ निमावत व जितेन्द्र निमावत के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। कि आरोपी से बेदला में स्थित भूखण्ड खरीदने के लिए संपर्क किया तथा 31 लाख 92 हजार रूपये में सौदा तय होने पर 2 लाख 11 हजार रूपये ऑनलाईन भुगतान किया तथा निर्धारित समय पर रजिस्ट्री करवाने का इकरारकिया। लेकिन आरोपी रजिस्ट्री करवाने से आनाकानी कर रहे है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# जगदीप धनखड़ के उपराष्ट्रपति बनने पर सांडवा गांव में जश्न



ग्राम साण्डवा में आतिशबाजी कर जश्न मनाते हुए ग्रामीण।

**बीदासर,** (निसं)। गौरवमयी राजस्थान भूमि के गांव किठाना में जन्मे पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल एवं सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता जगदीप धनखड़ के देश के सर्वोच्च दूसरे नागरिक उपराष्ट्रपति चुने जाने पर पूरे राष्ट्र, राजस्थान एवं संपूर्ण शेखावाटी क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है।

इसी मौके पर जसवीर मेमोरियल शिक्षण संस्थान सांडवा के सचिव सतवीर धनखड़ ने अपने परिवार, संपूर्ण शिक्षक स्टाफ एवं उपस्थित ग्रामीणों के साथ शानदार आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया। इसी के साथ उन्होंने कहा कि देश के उपराष्ट्रपति पद पर जगदीप धनखड़ का चुना जाना एक स्वस्थ राजनीति का परिचय है। उन्होंने बताया कि यह

■ ग्रामीणों ने आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया

देश किसानों का देश है और एक किसान के बेटे का उपराष्ट्रपति बनना एक किसान का सम्मान तो है ही, साथ ही आमजन की राजनीति में भागीदारी को भी दर्शाता है। इस मौके पर सतवीर धनखड़ ने कॉलेज प्रांगण में उपस्थित सभी शिक्षकगण, उपस्थित ग्रामीणों एवं शेखावाटी क्षेत्र के साथ-साथ संपूर्ण देशवासियों को बधाई देते हुए इस मौके पर कॉलेज प्रांगण में उपस्थित सभी प्रिय जनों का मीठा मुंह करवा कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

गौरतलब है कि जगदीप धनखड़ जसवीर मेमोरियल शिक्षण संस्थान के सचिव सतवीर धनखड़ के चाचा लगते हैं। जरूरत पड़ने पर वो इस इंस्टीट्यूट में आकर अपना आशीर्वाद देते रहे हैं। इस मौके पर उपस्थित जनों में सतवीर धनखड़ एवं उनके परिवार के सदस्य विजयलता धनखड़, डॉ. धारणा धनखड़, दीपक धनखड़, कुलदीप कटेवा, पवन कुमार नाई, सत्यवीर रांगेय, डॉ. पवन कुमार, बी एल सारण, मोहम्मद नदीम, राजीव यादव, ओमप्रकाश तिवारी, सतपाल घोड़ेला, मनोज गुप्ता, महेंद्र शर्मा, मोहम्मद रफीक खान, संदीप पारीक, पवन सोनी, सुरेश कुमार, विक्रम सिंह, भोलदास, कोजाराम आदि जन उपस्थित रहे।

# जलदाय विभाग की अनदेखी से व्यर्थ बह रहा पेयजल

**चूरू,** (कासं)। चूरू के रीको एरिया में आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर पेयजल सप्लाई की पाईप लाईन टूटी हुई है। यहां जलदाय विभाग की अनदेखी के कारण पेयजल व्यर्थ बहकर आमजन के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय पर स्थित रीको औद्योगिक क्षेत्र की रोड़ नम्बर 5 पर तीन जगह पेयजल सप्लाई की पाईप लाईन टूट गई है। पेयजल सप्लाई की पाईप लाईन टूटने से भारी मात्रा में पेयजल व्यर्थ बह रहा है। रोड़ नम्बर 5 से बहता हुआ पानी सामने ही स्थित आपणी योजना के कार्यालय में जमा हो रहा है। इसके अलावा भालेरी रोड़ पर भी पानी एकत्रित हो गया है। इससे आमजन को परेशानी हो रही है। साथ ही प्रशासन की सतर्कता की भी पोल खुलकर सामने आ रही है।



चूरू के रीको एरिया में कई स्थानों पर पेयजल सप्लाई की पाईप लाईन टूटी हुई है। इससे पेयजल व्यर्थ बह रहा है।

इसी प्रकार रीको के पार्क नम्बर तीन के पास भी पेयजल सप्लाई की पाईप लाईन टूट गई है। यहां भंवरलाल ने बताया कि रीको द्वारा यहां की समस्याओं की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जलदाय विभाग को बार-बार अवगत करवाने के बाद भी समस्या का कोई समाधान नहीं हो रहा है। भंवरलाल ने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं विश्वकर्मा उद्योग संघ चूरू के पदाधिकारियों को भी आडे हाथ लिया। यहां विश्वकर्मा उद्योग संघ के अजीत भाऊवाला ने कहा कि रीको एरिया में जगह-जगह पेयजल सप्लाई की पाईप लाईन क्षतिग्रस्त हो गई है। इस कारण पेयजल व्यर्थ ही बह रहा है। भाऊवाला ने कहा कि जलदाय विभाग के अधिकारियों को अवगत करवा दिया है। उधर जलदाय विभाग के अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। व्यर्थ बह रहे पेयजल से उन्हें कोई लेनादेना नहीं है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कलैक्टर सिद्धार्थ सिहाग के निर्देश भाड़ में जाए, उनकी तनख्वा तो पक ही रही है। काम करने की तो इनकी नीति ही नहीं है। अपनी रोटियां सेकने के लिए भाषणबाजी करने में सबसे आगे रहते हैं। दुर्भाग्यपूर्ण बात तो यह है कि कलैक्टर द्वारा भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## जेवरात छीने

**उदयपुर,** (कासं)। खेरोदा कस्बे में दो बदमाश बाइक सवार को रोक आखों में मिर्च डाल कर उससे जेवरात छीन ले गए। पीडित खरसाण निवासी शिवनारायण ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि 5 जुलाई सांय मैं बाइक पर बाठेडा खुर्द से अपने घर लौट रहा था। जहां दो बदमाशों ने बाइक को रोकी तथा आखों में मिर्च डाल कर मेरे गले से सोने की चेन छीन ली। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

## धोखे से नकदी हड़पी

**उदयपुर,** (कासं)। शादी का झांसा देकर पीड़ित से नकदी हड़पने वाली महिला के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। जानकारी के अनुसार पीड़िता शारदा पत्नी रामकृष्ण गौड़ ने पड़ोसी रीतु पत्नी रामलाल मीणा के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि पड़ोसी होने से आपसी बातचीत करने के दौरान मुम्बई में काम करने वाले अपने भाणेज की शादी के लिए आरोपी से चर्चा की। इस पर दोनों के बीच बातचीत में आरोपी ने अपने परिचित के लड़की होने की उससे विवाह कराने की बात कहते हुए इसके लिए खर्चे की मांग की। इस पर आरोपी को 4 जुलाई को 50 हजार रूपये नकदी दी। उसके बाद से न तो आरोपी ने किसी रिश्तेदार से मिलवाया न लड़की बताई। पूछताछ करने पर संतोषप्रद जवाब नहीं दे रही है।

## डूबने से युवक की मौत

**गुड़ामालानी,** (निसं)। गुड़ामालानी क्षेत्र के गाधव लूणी नदी में दशा माता की मूर्ति विसर्जन करने के दौरान एक युवक का पैर फिसल जाने से नदी में डूब गया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद पानी पुडी बेचने वाले युवक व ग्रामीणों के सहयोग से नदी में से शव को बाहर निकाला। सूचना पर गुड़ामालानी सीआई व प्रशासन मौके पर पहुंचा। शव को गुड़ामालानी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस के अनुसार गांधव कल्ला निवासी नारणा भारती (25) पुत्र सांवल भारती के परिवार में दस दिन पहले दशा माता मूर्ति की स्थापना की थी। हर रोज धार्मिक प्रोग्राम चले थे। रविवार को पूरा परिवार ढोल, नगाडों के साथ दशा माता मूर्ति का विसर्जन करने के लिए निकले थे। घर से करीब एक किलोमीटर दूर लूणी नदी में बरसाती इकट्ठा हो रखा था। मूर्ति विसर्जन करने से पहले युवक का फिसल गया। पानी में डूबता देख परिवार के लोगों चिल्लाए। पुलिस को सूचना दी। आसपास के तैराक लोगों ने तुरंत नदी में गए और युवक को ढूंढने का प्रयास किया। सिविल डिफेंस को सूचना दी गई। टीम के आने से पहले गांधव पुल के पास में पानी पुडी (ठेला) बेचने वाला एमपी निवासी जितेंद्र भाई प्रजापति (33) पुत्र गेनालाल नदी में बचाने के लिए गया।

ग्रामीणों के सहयोग से दो घंटे की मशक्कत के बाद बाहर निकाला। वहीं ग्रामीणों ने युवक के शरीर के अंदर गए पानी को निकालने के लिए उल्टा किया। मुंह से पानी निकालने की भरपूर कोशिश की लेकिन युवक दम तोड़ चुका था। पुलिस ने युवक के शव को गुड़ामालानी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सुपुर्द किया।

# बिना डॉक्टर के इलाज करता मिला नर्सिंग होम मालिक

**अलवर,** (निसं)। 80 हजार रुपए लेकर पैर के फ्रेक्चर का गलत ऑपरेशन करने की शिकायत पर शनिवार को एसडीएम के नेतृत्व में टीम ने शहर के रणजीत नगर स्थित जीनत नर्सिंग होम पर छापे की कार्रवाई की। इस दौरान नर्सिंग होम का मालिक बिना डॉक्टर मरीजों को भर्ती कर इलाज करता मिला।

उसने ओपीडी में भी मरीजों को दवा लिख दी और एक दिन पहले महिला की डिलीवरी भी करा दी। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. महेश बैरवा ने पुलिस की मौजूदगी में हॉस्पिटल में अवैध तरीके से मरीजों के इलाज, जांच और डिलीवरी का रिकार्ड जब्त कर लिया।जटियाना निवासी हरभजन ने सीएमएचओ को शिकायत

■ डिप्टी सीएमएचओ ने पुलिस की मौजूदगी में हॉस्पिटल में रिकॉर्ड जब्त किया

की, रनजीत नगर स्थित जीनत नर्सिंग होम में पैर में फ्रेक्चर के लिए गत 22 अप्रैल को भर्ती हुआ। यहां यहां गलत तरीके से लापरवाही पूर्वक ऑपरेशन कर 24 अप्रैल को डिस्चार्ज कर दिया गया। डॉ. राजेन्द्र चिटकारा ने 80 हजार रुपए वसूल लिए। 15 दिन बाद भी दर्द सही नहीं होने पर शिकायत की तो धमका कर भगा दिया। 25 अप्रैल को एक्सरे कराया तो अस्थि रोग विशेषज्ञ ने कहा कि ऑपरेशन गलत है। फिर 18 हजार रुपए देकर ऑपरेशन कराया तब दर्द सही हुआ। नर्सिंग होम में मानव जीवन के साथ खिलवाड करने का आरोप लगा सख्त कार्रवाई की मांग की गई।

कार्रवाई के दौरान नर्सिंग होम में संचालित दवा की दुकान पर फार्मासिस्ट भी नहीं मिला और दवाएं बेची जा रही थी। औषधि नियंत्रण अधिकारी बलवीर सिंह ने बताया कि दुकान में शैड्यूल एच-1 और नारकोटिक्स से संबंधित दवाएं बिना रिकार्ड के ही बेची गई हैं। इनके रजिस्टर नहीं मिले। दवा खरीद और बिक्री के बिल भी व्यवस्थित तरीके से नहीं मिले हैं। हालांकि दवा दुकान का लाइसेंस से ही संचालित की जा रही थी।

## बारिश के बाद उमस बढ़ी

**सिवाना,** (निसं)। सिवाना में शनिवार को शाम को हुई बारिश के बाद मौसम का मिजाज बदल गया। बारिश के बाद भयंकर उमस बढ़ गई। वहीं रविवार को दूसरे दिन दोपहर के समय अचानक काले बादल आसमान से बरस पड़े। बारिश के बाद उमस का दौर बढ़ गया। ।। सिवाना के राजकीय चिकित्सालय व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के आगे मुख्य मार्ग पर बारिश के पानी का भराव होने के कारण आमजन को आवागमन के दौरान भारी परेशानी झेलनी पड़ी। बारिश के बाद उमस का दौर अत्यधिक बढ़ गया। व आसमान में काले बादल मंडराते रहे। सिवाना में गत कई वर्षो से निकासी के अभाव में राजकीय चिकित्सालय परिसर रा उ मा वि रोड पर बारिश के पानी का भराव होने के कारण परेशानी का पर्याय बन गया है।

# अंग्रेजी शराब सहित दो गिरफ्तार

**डूंगरपुर,** (निसं)। पुलिस ने अंग्रेजी शराब से भरी कार जब्त कर 2 आरोपियों गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस शराब कारोबारीयों के खिलाफ कार्यवाहियों में जुटी हुई हैं और उसी के तहत साबला पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान स्वीफ्ट कार से शराब परिवहन की सूचना मिलने पर घाटडा तिराहा के पास नाकाबदी प्रारंभ की तो पुलिस जाप्ता को देखकर वापस आसपुर तरफ भागी जिस पर पुलिस थाना आसपुर पर नाकाबन्दी करवाई जाकर मय थानाधिकारी जाप्ता उक्त गाड़ी का वाहन से पीछा किया जिस पर उक्त कार अन्दरूनी रास्ते से बडौदा हो पुजपुर तरफ गई। जो पूर्व मे बताये अनुसार पुंजपुर मे भी पुलिस द्वारा नाकाबन्दी करने पर वापस कार चालक अपनी गाडी को वापस आसपुर तरफ भगा कर ले जाने पर



साबला पुलिस द्वारा जब्त की गई शराब के साथ आरोपी।

पुलिस थाना आसपुर के जाप्ते द्वारा व थानाधिकारी मय जाप्ता द्वारा उक्त गाडी का लगातार पीछा किया गया। जिस पर उक्त गाडी के चालक द्वारा गाडी को बडौदा से अन्दरूनी रास्ते होते हुये घाटडा तिराहे तरफ आया।

■ कार में थी 31 कार्टन अंग्रेजी शराब

जिस पर मन थानाधिकारी मय जाप्ता के द्वारा प्राईवेट गाडी को सामने खडी कर रोक ली।

गाडी की तलाशी ली जिसमें 30 कार्टून किंगफीशर टिन बियर फॉर सैल ईन राजस्थान व एक पेटी अंग्रेजी शराब चण्डीगढ को जब्त किया। पुलिस ने इस मामले में बरकत पुत्र मोलवी मोहम्मद खान निवासी तमलियार थाना रामसर जिला बाडमेर तथा हकमाराम पुत्र रूडाराम तिरगर निवासी मेडा जागीर थाना साचोर जिला जालोरा को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया जाकर अनुसंधान जारी है। बरामद की गई शराब की किमत एक लाख रूपये हैं।

# 'राज्य सरकार ब्रज क्षेत्र के विकास के लिए दृढ़ संकल्पित'

**भरतपुर** (निस)। ब्रज पर्वत एवं पर्यावरण संरक्षण समिति द्वारा पंचायत समिति डीग के ग्राम पसोपा में पशुपतिनाथ मंदिर पर बाबा विजयदास की स्मृति में श्रीमद् भागवद शांति कथा यज्ञ के समापन अवसर पर कार्यक्रम आयोजित हुआ।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर आलोक रंजन ने कहा कि साधु संतों एवं आमजन की सकारात्मक सोच और सक्रिय सहयोग से इस धार्मिक समस्या का समाधान शांतिपूर्ण तरीके से हो सका है। उन्होंने कहा कि आप सभी शांति एवं संयम रखें आपके प्रयासों के सार्थक परिणाम शीघ्र ही सामने आयेंगे। जिला प्रशासन द्वारा राज्य सरकार से लगातार सम्पर्क बनाये रखे हुए है, ब्रज पर्वतीय क्षेत्र एवं पसोपा के समन्वित विकास की कार्ययोजना को धरातल पर लाने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही क्षेत्र में विकास कर धार्मिक पर्यटन को बढावा देने के प्रयास किये जा रहे हैं जिससे आदिबद्री, पशुपतिनाथ मंदिर, काम्य वन सहित ब्रज के अन्य स्थलों को जोडकर पर्यटकों को धार्मिक मंदिरों के दर्शन के माध्यम से यहां के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किये जा सके। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील की कि वे किसी प्रकार के संशय एवं अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजन शीघ्र ही आदिबद्री में कर ब्रज क्षेत्र के पर्वतों को हराभरा बनाने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक गौरव श्रीवास्तव ने कहा कि पसोपा में हुई दुखद घटना के बाद बाबा विजय दास द्वारा किया गया संकल्प को हम सब को पूरा करना है तथा हमें बाबा विजय दास की परिकल्पना के अनुरूप ब्रज क्षेत्र के धार्मिक पर्वतों का संरक्षण कर विकास कार्य करने हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय लोग ब्रज क्षेत्र के विकास के साथ ही गौ रक्षा का संकल्प लेकर पुलिस का सहयोग करें तो हम इस समस्या का जड से समाधान कर सके। संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने कहा कि राज्य सरकार की पूरी मंशा है कि पसोपा के साथ ही ब्रज क्षेत्र का विकास बाबा विजय दास की परिकल्पना के आधार पर हो इसके सम्बन्ध में राज्य सरकार को प्रस्ताव भिजवाये जा चुके हैं। जिला परिषद सदस्य मोहन सिंह एवं सरपंच प्रतिनिधि विजय सिंह गुर्जर द्वारा डीग से सीकरी वाया पसोपा होकर बस सेवा शुरू करने की मांग की जिस पर उन्होंने इस सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र भिजवाये जिससे आगे कार्यवाही की जा सके। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह ने कहा कि ब्रज क्षेत्र के विकास में युवाओं की भागीदारी बहुत महत्वपूर्ण है इसके लिए युवा अपने लक्ष्य निर्धारित करने के साथ ही ग्राम एवं क्षेत्र के विकास में भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ब्रज क्षेत्र के धार्मिक एवं पुरामहत्व के स्थानों का विशेष ध्यान रखा जायेगा। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी डीग हेमन्त कुमार, नायब तहसीलदार खोह संजय सिंह गुर्जर, आरसीएचओ डॉ अमर सिंह सैनी, आदिबद्री के महंत शिवराम दास, बाबा भूरादास, पूर्व सरपंच सुलतान सिंह, महावीर सिंह, भरत सिंह सहित श्रद्धालु एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# संत रविनाथ की मृत्यु की निष्पक्ष जांच को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए

**जालोर/रानीवाड़ा,** (कासं)। राज्य के जनजाति क्षेत्रीय विकास राज्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री अर्जुन सिंह बामनिया एवं राजस्व मंत्री राम लाल जाट रविवार को जालोर जिले के दौरे पर रहे। प्रभारी मंत्री अर्जुन सिंह बामनिया, राजस्व मंत्री राम लाल जाट एवं भूराराम सीरवी ने राजपुरा ग्राम स्थित बाल हनुमान आश्रम के संत रविनाथ की मृत्यु की निष्पक्ष जांच के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी की मंशानुरूप आश्रम को हरसंभव मदद दी जाएगी। राजस्व मंत्री रामलाल जाट ने कहा कि इस प्रकरण की निष्पक्षता से जांच करते हुए दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि आम जन एवं संत समाज की भावना के अनुरूप दोषियों के विरुद्ध जल्द जांच पूर्ण करवा कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

उपस्थित आश्रम संत समाज एवं ग्रामीणों द्वारा इस संबंध में राजस्व मंत्री रामलाल जाट एवं प्रभारी मंत्री अर्जुन सिंह बामनिया को दोषियों को जल्द सजा दिलाने, रास्ते के लिए जमीन देने, भूमि का पट्टा जारी करने, आश्रम को आर्थिक मुआवजा दिए जाने समेत विभिन्न मांगों के को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान राजस्व मंत्री रामलाल जाट, जिला प्रभारी मंत्री अर्जुन सिंह बामनिया, भूराराम सीरवी द्वारा संत



राजस्व मंत्री रामलाल जाट, जिला प्रभारी मंत्री अर्जुन सिंह बामनिया, भूराराम सीरवी आदि ने संत रविदास की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

■ संत रविनाथ की आत्महत्या मामले को लेकर राजस्व मंत्री रामलाल जाट व प्रभारी मंत्री अर्जुनसिंह बामणिया आश्रम पहुंचे

रविदास की समाधि पर पुष्प अर्पित कर सादर श्रद्धांजलि भी अर्पित की। इस दौरान जिला कलेक्टर निशांत जैन, पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाल, पूर्व उप मुख्य सचेतक रतन देवासी, अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दशरथ सिंह, पूर्व विधायक समरजीत सिंह, उपखंड अधिकारी जसवंतपुरा राजेंद्र सिंह, उपखंड अधिकारी भीनमाल जवाहर चौधरी, उमसिंह चादराई, श्रवण सिंह राठौड, रमिला मेघवाल सहित कई लोग उपस्थित रहे।